# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 10.08.2021 को सम्पन्न 11वीं बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मा0 कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 एस0एस0 गुप्ता, जी0बी0पी0यू0ए0 एण्ड टी0, पंत नगर | सदस्य |
| 3. | श्री तरूण गौतम, अधिशषी अभियन्ता, आई0डब्लू0डी0, आई0आई0टी0, कानपुर | सदस्य |
| 4. | श्री राजीव कक्कड़, एसो0 प्रोफेसर, कालेज आफ आर्किटेक्चर, लखनऊ | सदस्य |
| 5. | अधिशाषी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग कानपुर | सदस्य |
| 6. | अधिशाषी अभियन्ता, उ0प्र0आ0 एवं वि0 परिषद, निर्माण खण्ड–01, कल्यानपरु कानपुर | सदस्य |
| 7. | अधिशाषी अभियन्ता, उ0प्र0आ0 एवं वि0 परिषद, निर्माण खण्ड–02, कानपुर | सदस्य |
| 8. | अधिक्षण अभियन्ता, यू0पी0सिडको, कानपुर | सदस्य |
| 9. | अधिशाषी अभियन्ता, उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर | सदस्य |
| 10. | प्रो0 नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 11. | प्रो0 सुनील कुमार, अध्यक्ष, अनुरक्षण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 12. | प्रो0 प्रदीप कुमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य सचिव |

**11.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 19.03.2021 को सम्पन्न हुई 10वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति ने विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की दिनांक 19.03.2021 को सम्पन्न 10वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

**11.02 हरकोर्ट बंटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 19.03.2021 को सम्पन्न 10वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से समिति को अवगत कराया गया।**

**11.03**

**1. विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के छात्रों हेतु AKTU विश्वविद्यालय से स्वीकृत सिंगल सिटेड छात्रावास के निर्माण हेतु स्थल चिन्हानक पर विचारः–**

समिति को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के छात्रों हेतु एक 100 सिटेड छात्र–छात्रावास के निर्माण कार्य हेतु AKTU विश्वविद्यालय द्वारा निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम द्वारा प्रेषित आगणन पर कुल रु0 560.00 लाख पर स्वीकृत प्रदान करते हुए प्रथम किस्त 40 प्रतिशत के रुप में कुल रु0 222.00 लाख निर्माण ईकाई को अवमुक्त किया जा चुका है।

छात्रावास के निर्माण स्थल के चिन्हानक हेतु समिति द्वारा पश्चिमी प्रांगण में विश्वेसरैया छात्रावास के पीछे स्थित स्थल को उचित पाया गया।

**2. विश्वविद्यालय के अनुरक्षण सम्बन्धी कार्यो को ई–निविदा के माध्यम से कराये जाने हेतु गठित आगणन के अनुमोदन पर विचारः–**

विश्वविद्यालय में अनुरक्षण सम्बन्धी कार्यो को ई–निविदा के माध्यम से क्रियान्वयन हेतु कुल रू0 6,08,74,071.00 के आगणन पर 02 वर्षो हेतु भवन निर्माण समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया तथा विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष का संज्ञान लेते हुए अल्पावधि (Short Term) निविदा प्रकाशन करते हुए अतिशीघ्र अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अनुरक्षण संबंधी समस्त कार्य जैसे इलेक्ट्रिकल, सिविल, मैकेनिकल को एक ही निविदा के माध्यम से कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

3. विश्वविद्यालय में शताब्दी स्तम्भ के आगणन पर विचारः–

विश्वविद्यालय के शताब्दी स्तम्भ के निर्माण हेतु निर्माण इकाई यू0पी0सिडको से प्राप्त आगणन कुल रू0 119.61 लाख पर भवन निर्माण समिति द्वारा कैनोपी तथा ग्रेनाइट स्टोन का वाह्य आवरण पर प्रयोग करने के सुझाव पर आगणित धनराशि के अंतर्गत ही कार्य कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**4. विश्वविद्यालय में शताब्दी द्वार एवं सड़क के निर्माण के आगणन पर विचारः–**

विश्वविद्यालय के शताब्दी द्वार एवं सड़क के निर्माण हेतु निर्माण इकाई यू0पी0सिडको से प्राप्त आगणन क्रमशः रू0 76.23 लाख एवं रू0 119.40 लाख पर भवन निर्माण समिति ने द्वार को S.S. Steel से बनाये जाने के सुझाव पर आगणित धनराशि के अंतर्गत ही कार्य कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**5. विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन मल्टीपरपज हाल के वाह्य कार्यो के आगणन पर विचारः–**

भवन समिति के चतुर्थ बैठक में दिये गये अनुमोदन के क्रम में मल्टीपरपज हाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। समिति द्वारा दिये गये निर्देशनुसार मल्टीपरपज हाल के वाह्य कार्यो का निर्माण इकाई उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा प्रस्तुत आगणन कुल रू0 937.04 लाख पर भवन निर्माण समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**6. विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय के नवनिर्मित आवास हेतु सड़क निर्माण एवं हाईमास्ट लाईट एवं गेट के निर्माण के आगणन पर विचारः--**

कुलपति आवास को विश्वविद्यालय परिसर से जोड़ने हेतु आवश्यक रोड़ तथा हाईमास्ट लाईट एवं गेट आदि के निर्माण कार्य हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा प्रस्तुत आगणन कुल रू0 97.77 लाख पर भवन निर्माण समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान करते हुये सी0सी0 सड़क का कार्य न्यूनतम M30 ग्रेड से करते हुये अतिरिक्त कास्ट के अनुमोदन हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

**7. मा0 कुलपति महोदय कि अनुमति से अन्य मद पर विचार :**

माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में एक अंर्तराष्ट्रीय छात्रावास (300 क्षमता) एवं अतिथि गृह एक ही परिसर में बनाये जाने हेतु उपस्थित निर्माण इकाईयों से अनुरोध किया गया कि उक्त कार्य हेतु उत्कृष्ट ड्राइंग एवं आगणन भवन समिति के आगामी बैठक के विचारार्थ प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष पर होने वाले कार्यक्रमों हेतु निर्माणाधीन मल्टीपरपज हाल के पास एक हेलिपेड के निर्माण के कार्य हेतु आगणन प्राप्त करते हुये अनुमोदन हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

विश्वविद्यालय में बनने वाले समस्त नये भवनों में रूफ टावर सोलर पैनल लगाये जाने हेतु नेडा से आगणन प्राप्त करते हुये अनुमोदन हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।

10.08.2021

**(प्रो0 प्रदीप कुमार)**
विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग
एवं सदस्य सचिव, भवन निर्माण समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर